खास-खबरें

एनआईटीटीटीआर-एचएएल के बीच एमओयू

भोपालः राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बीच उन्नत इंजीनियरिंग और रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना और देश की रक्षा निर्माण क्षमता को मजबूत करना है। एमओयू के तहत दोनों संस्थान रिवर्स इंजीनियरिंग, डिजाइन अनुकूलन और महत्वपूर्ण रक्षा घटकों तथा प्रणालियों के स्वदेशी विकास पर संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। इसके माध्यम से आयात पर निर्भरता कम करने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा। कार्यक्रम में एचएएल नासिक के सीईओ साकेत चतुर्वेदी, जीएम संजय बी. चौधरी, राजेश कुमार भारती सहित एनआईटीटीटीआर के प्रो. रवि गुप्ता और प्रो. के. मणिक वासंगम उपस्थित रहे।

जयश्री गायत्री फूड के किशन मोदी गिरफ्तार

भोपालः प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) क्षेत्रीय कार्यालय ने किशन मोदी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 19(1) के तहत गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जेजीएफपीपीएल) और अन्य से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में की गई। किशन मोदी को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), भोपाल में पेश किया गया और अदालत ने उन्हें 18 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। जांच में सामने आया कि जेजीएफपीपीएल, जो मिल्क मैजिक ब्रांड के तहत डेयरी उत्पाद बनाती थी, दूध की वसा को ताड़ के तेल और अन्य हानिकारक रसायनों से बदलकर मिलावटी उत्पाद तैयार कर रही थी। ये उत्पाद घरेलू बाजार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्यात किए जाते थे। निर्यात प्रक्रिया में कंपनी ने इंदौर स्थित निर्यात निरीक्षण एजेंसी को जाली लैब रिपोर्टें प्रस्तुत कीं। जांच में इन रिपोर्टों के आधार पर लगभग 20.59 करोड़ रुपये की निर्यात आय अर्जित की गई, जिसे पीएमएलए के तहत अपराध की आय माना गया।

लोक सेवा केंद्र कलेक्ट्रेट में चोरी का प्रयास

भोपालः कोहेफिजा थाना इलाके में लोक सेवा केंद्र कलेक्ट्रेट में अज्ञात बदमाशो द्वारा चोरी का प्रयास किये जाने की घटना सामने आई है। बताया गया है कीअज्ञात चोरों द्वारा रविवार सुबह खिड़की के कांच फोड़ कर खिड़की में लगी लोहे की ग्रिल चोरी कर ली। जॉच के दौरान सीसीटीवी में एक व्यक्ति कांच फोड़ता दिखाई दे रहा है, वहीं एक अन्य आरोपी हाथ में फावड़ा लिये नजर आ रहा है। घटना की सूचना लोक सेवा प्रभारी ने कोहेफिजा थाने को दी। गौरतलब है कि लोक सेवा केंद्र में इसके पूर्व भी दो-तीन बार चोरी की घटनाए हो चुकी है। फिलहाल पुलिस आगे की जॉच कर रही है।

श्रीमती सुभद्रा वर्मा के निधन पर दुख व्यक्त

भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा वर्मा के निधन पर दुख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

दिग्विजय और मनोज शुक्ला के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत

भोपालः नरेला विधानसभा क्षेत्र से जुड़े मतदाताओं के संबंध में की गई शिकायत को लेकर भाजपा के मंडल अध्यक्ष नीरज पचौरी ने निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। मंडल अध्यक्ष पचौरी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और मनोज शुक्ला द्वारा हिंदू मतदाताओं को परेशान करने और भ्रम फैलाने के उद्देश्य से झूठी शिकायत की गई थी। भाजपा के मंडल अध्यक्ष पचौरी अपने वकीलों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचे और इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि संबंधित प्रकरण में रिटर्निंग ऑफिसर एवं बीएलओ द्वारा की गई जांच में सभी मतदाता सही पाए गए थे। इसके बावजूद दिग्विजय सिंह और मनोज शुक्ला द्वारा दबाव बनाकर कुछ लोगों से एफिडेविट दिलवाए गए। पचौरी ने निर्वाचन अधिकारी को रहवासी मतदाताओं द्वारा दिए गए काउंटर एफिडेविट भी सौंपे।

बेखौफ बदमाशों की बढ़ती वारदातों पर पुलिस कमिश्नर सख्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में खुलेआम हो रहे गोलीकांड और चाकू से जानलेवा हमलों के बढ़ते मामलों को लेकर पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने कड़े कदम उठाने का निर्णय लिया है।

अशोका गार्डन और हमीदिया अस्पताल में हाल ही में हुई फायरिंग की घटनाओं के बाद आयुक्त ने सभी थाना क्षेत्रों के हिस्ट्रीशीटरों का रिकार्ड तलब किया है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है।

कोहेफिजा और ऐशबाग में हुई गैंगवार की घटनाओं में पुलिस अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। गोलीकांड के बाद पुलिस की दो दर्जन से अधिक टीमें आरोपियों की धरपकड़ में जुटी हुई हैं। सूत्रों के अनुसार फायरिंग के बाद आरोपी शहर से बाहर भाग गए। घटना के बाद हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि फायरिंग के समय अशोका गार्डन पुलिस उन्हें छोड़कर चली गई थी और हमीदिया अस्पताल के गार्ड्स ने उनकी जान बचाई।

अस्पताल के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इमरजेंसी गेट के बाहर गोलियों की आवाज़ सुनकर माहौल बिगड़ गया, लेकिन पुलिस ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में पूरे अस्पताल परिसर को पुलिस ने छावनी में तब्दील किया। लल्लू रईस के अनुसार मुख्य आरोपी शादाब गेट जुआ और सट्टे के अवैध कारोबार से जुड़ा है। वह और अन्य बदमाश शहर के अलग-अलग इलाकों में अवैध गतिविधियां संचालित करते हैं। रईस इनके काले कारनामों के वीडियो बनाकर उजागर करते हैं, जिससे पुलिस कार्रवाई कर इनके अवैध कारोबार को बंद करती है। पुलिस आयुक्त ने अब इन हिस्ट्रीशीटरों और गैंगवार में शामिल अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं।

देहात पुलिस की कॉम्बिंग गश्त, वारंटियों की धरपकड़

राजधानी की देहात पुलिस ने त्यौहारो पर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने और फरार बदमाशो की धरपकड़ के लिये एक बार फिर प्रभावी कॉम्बिंग गश्त कर वारंटियों की धरपकड़ करने के साथ ही अवैध शराब जप्त की है। जानकारी के मुताबिक एमवी देहात रामशरण प्रजापति के निर्देशन में जिले में फरार अपराधियों की धरपकड़, वारंटियों की गिरफ्तारी एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से 15-13 मार्च की रात में बिलखिरिया संभाग में कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. नीरज चौरसिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बिलखिरिया अंतिमा समाधियां के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिलखिरिया एवं थाना प्रभारी सुखीसेवनिया के नेतृत्व में संचालित किया गया। इस दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा फरार आरोपियों एवं वारंटियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई तथा गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की सघन चेकिंग की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान दोनों थानों के 35 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए 8 स्थायी वारंटियो को गिरफ्तार किया गया वहीं 13 गिरफ्तारी वारंट तामील कराये गये। इसके साथ ही 17 जमानती वारंट और 21समंस तामील कराये गये। कांबिग गश्त के दौरान रात के समय सरप्राइस चैंकिग करते हुए इलाके के 9 आदतन गुंडो-निगरानी बदमाशों को चैक किया गया। वहीं आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए दो मामले दर्ज कर हजारो कीमत की देशी प्लेन शराब जप्त की गई। अधिकारियो का कहना है कि जिला भोपाल (देहात) पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ इस प्रकार की सघन कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शनः नाले से गैस निकालने का प्रयास

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता पीसी शर्मा एवं कांग्रेस वार्ड 46 पार्षद गुड्डू चौहान के नेतृत्व में आज एलपीजी की बढ़ती कीमतों और किल्लत के विरोध में एक अनोखा प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन स्थल था भोपाल का 5 नंबर चौराहा, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाले में पाइप डालकर प्रतीकात्मक रूप से गैस निकालने और चाय बनाने का प्रयास किया। यह प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुराने बयान का प्रतीकात्मक कटाक्ष था, जिसमें उन्होंने नाले की गैस से चाय बनाने का जिक्र किया था। जब नाले से गैस नहीं निकली और चूल्हा नहीं जल सका, तो कार्यकर्ताओं ने लकड़ी और कंडों का उपयोग कर चाय बनाई।

पीसी शर्मा ने बताया कि शहर में एलपीजी सिलेंडरों की भारी कमी है और बढ़ती कीमतों से आम जनता, होटल और रेस्टोरेंट संचालक परेशान हैं। कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और मांग की कि गैस आपूर्ति को जल्द दुरुस्त किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ निकेश चौहान, पूर्व प्रवक्ता अभिनव बारोलिया, उप ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश रजक, कांग्रेस नेता योगेश सराठे, राकेश यादव, दिलीप मस्के, रामस्वरूप यादव, लक्ष्मी यादव, मुक्कू, दिलीप लालवानी, खलीक खान, मुकेश बरमानिया, विष्णु खटीक, ज़ीशान, श्रीमती लता देवरे, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राहुल गिरी, वार्ड अध्यक्ष मौजूद रहे।

फिट इंडिया कार्निवल में उमड़ा उत्साह अभिनव शुक्ला ने युवाओं को किया प्रेरित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित फिट इंडिया कार्निवल के दूसरे दिन रविवार को उत्साह और ऊर्जा का अद्भुत माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में फिटनेस प्रेमियों, युवाओं और खेल प्रेमियों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। कार्निवल में पारंपरिक और आधुनिक फिटनेस गतिविधियों की विविध प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। गतका और मल्लखम्ब जैसे पारंपरिक खेलों के रोमांचक प्रदर्शन के साथ संगीत बैंड प्रस्तुतियां, फिटनेस चुनौतियां तथा विशेष फन ज़ोन और फिटनेस ज़ोन ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया। सभी आयु वर्ग के लोगों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य आकर्षण टीवी अभिनेता और सेलिब्रिटी अतिथि अभिनव शुक्ला रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि फिटनेस केवल जिम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण जीवनशैली है। उन्होंने युवाओं से खेल, योग और नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेल और फिटनेस अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

कृष्ण फाउंडेशन ने महिला शक्ति का किया सम्मान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कृष्ण फाउंडेशन द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में बरखेड़ा भेल स्थित श्रीकृष्ण मंदिर प्रांगण (स्व. बी.आर. यादव भवन) में एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

'आधी आबादी नहीं, आधी बेहतर आबादी' की भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा, चिकित्सा और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी कई प्रतिष्ठित महिलाओं ने भाग लिया। प्रमुख अतिथियों में विद्या यादव (प्रयागराज), डॉ. नेहा राय यादव (एम्स), डॉ. प्रतिमा प्रसाद (सेज यूनिवर्सिटी), अलका रानी यादव (एसबीआई) और डॉ. प्राजंलि यादव (जेपी हॉस्पिटल) शामिल रहीं। वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं समाज के विकास की प्रमुख धुरी हैं और उनका सशक्त होना समाज की प्रगति के लिए आवश्यक है।

कार्यक्रम में 'श्रीमती गंगा देवी यादव स्मृति चिन्ह' से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मातृशक्ति के रूप में शारदा यादव और प्रवीना यादव, शिक्षा क्षेत्र में डॉ. नम्रता यादव सहित अन्य शिक्षिकाएं तथा स्वास्थ्य सेवा में एम्स भोपाल की मीनू, सुधा, निशा और रीता यादव को सम्मानित किया गया। वहीं उद्यमिता के क्षेत्र में पयाशवी निर्वाण यादव और श्रुति यादव को भी सम्मान मिला। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण पर्वतारोही अंजना यादव का सम्मान रहा। उन्हें माउंट एवरेस्ट (सागरमाथा) अभियान के लिए कुल 1 लाख 2 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर स्व. राम प्यारी बाई यादव और स्व. राम सखी यादव की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। संचालन किरण यादव और आभार प्रदर्शन अनुराधा यादव ने किया।

मुख्यमंत्री ने जनरल रावत को दी श्रद्धांजलि

भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीर सपूत देश के प्रथम रक्षा प्रमुख जनरल बिपिन रावत की जयंती पर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी है। डॉ. यादव ने कहा कि जनरल रावत ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ के रूप में भारतीय सेना को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पार्थिव शिवलिंग निर्माण यज्ञ में उमड़ी श्रद्धा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विट्ठल मार्केट में चल रहे 137वें पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र अभिषेक यज्ञ के पांचवें दिन सोमवार को भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

हर-हर महादेव के जयकारों के बीच सुप्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य गुरुदेव डॉ. अनिल देव प्रभाकर शास्त्री (बड़े भैया) के सान्निध्य में आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा और विधायक संजय पाठक ने भी यज्ञ स्थल पर पहुंचकर पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया तथा महारुद्र अभिषेक में सहभागिता की। दोनों अतिथियों ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सनातन संस्कृति, गुरु भक्ति और शिवभक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री राणा ने कहा कि गुरुदेव बड़े भैया का आशीर्वाद जीवन को दिशा देने वाला है और सनातन धर्म का संरक्षण हम सभी का दायित्व है। पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल, विधायक रमेश मेंदोला तथा पूर्व ननि अध्यक्ष सुरजीत चौहान भी उपस्थित रहे। उन्होंने गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त कर आयोजन की सराहना की। विट्ठल मार्केट परिसर पूरे दिन भजन-कीर्तन, महाआरती और प्रसाद वितरण से शिवमय बना रहा।

मातृशक्ति समाज की प्राणशक्ति : शिवमंगल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सेवा भारती भोपाल विभाग की महिला कार्यकारिणी द्वारा मातृछाया परिसर में महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला संयोजिका सुनीता सूर्यवंशी और सेवा भारती महानगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह की उपस्थिति में बहनों ने फूलों की होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि असिस्टेंट डायरेक्टर एजुकेशन एवं बीईओ फंदा श्रीमती विजेता सूर्यवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा भारती समाज में महिलाओं के जीवन में खुशियां और आत्मविश्वास के रंग भरने का कार्य कर रही है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी एकता का संदेश देते हैं।

सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि कार्यक्रम में कार्यकर्ता बहनों ने स्वरचित कविताओं का पाठ प्रस्तुत किया। वहीं साकेत मंडल की भजन मंडली ने मनमोहक फाग गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय और रंगारंग बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा-कृष्ण की सुंदर झांकी रही, जिसका मंचन नीतू विश्वकर्मा, मनीषा जी और पायल सेठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन आराधना गुप्ता ने किया, जबकि पायल सेठ ने आभार व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में मातृशक्ति और बच्चे उपस्थित रहे। मातृछाया समिति एवं सभी बहनों के सहयोग से कार्यक्रम उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मधुलिका हेडाऊ पत्नी दैमब हेडाऊ नवनीत दुबे पुत्र बी. के. दुबे निवासी C-09 परस्पर कालोनी चुना भट्टी भोपाल से उनके स्वामित्व व आधिपत्य का प्लाट C-14 प्लॉट सर्वे नं. 84/1/ga/2, 84/1/gha and 86/2 फॉर्च्यून स्मार्ट सिटी, ग्राम-भौरी पटवारी हल्का न. 25, तह- हुजूर जिला भोपाल में स्थित है जो भूमि क्रय करने का सौदा किया है उसकी चतुर्थ सीमाए इस प्रकार है। पूर्व में :- प्लाट C-30,C-31, पश्चिम में :- -रोड़ उत्तर में :- प्लाट C-15, दक्षिण में :- प्लाट C-13.

मेरे पक्षकार ने उक्त प्लाट क्रय करने का सौदा तय कर टोकन राशि भी अदा कर दी है उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति संस्था का कोई हित, अधिकार, हक य हिस्सा हो, या उक्त भूमि पर किसी गैर या वित्तीय संस्था का कोई बकाया देय शेष है। या उक्त भूमि के विक्रय संव्यवहार से किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय प्रमाण दस्तावेज के साथ इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर देवे । बाद म्याद मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विधिवत विक्रय पत्र अपने पक्ष में संपादित करा लेगा। इसके बाद कोई आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा सर्व साधारण को सूचित हो।

सुधा तिवारी एडवोकेट
बंगला नं. 32/40, ब्लॉक-2, दानिश कुंज, कोलार रोड, भोपाल मो. 9340883729

3967

In The Court Of XX Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal
Presiding Officer: कृष्णकांत बागरे

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सर्वसाधन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/00000087/2025)
संध्या मालवीय.....आवेदक
Vs
प्रबंधक टीमलीज सर्विसेज लिमिटेड
.....अनावेदक
Process Id / 2026 पेशी दिनांक 24.03.2026

प्रेषिती, (1) सर्वसाधारण पता-सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संध्या मालवीय पता ने मृतक संगीता मालवीय निवासी-म.न. 425 प्रेमनगर कॉलोनी कॅंधीछोला रोड़ भोपाल की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 24 March 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 24 March 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा । यह आज तारीख 11 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृष्णकांत बागरे न्यायाधीश
वीसवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें : 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगली कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

3968

जाहिर सूचना

1. यह सूचना दी जाती है कि मेरे मुवक्किल ग्राम गौंडरमऊ, पटवारी हल्का गौंडरमऊ, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश स्थित भूमि क्रय करने का प्रस्ताव रखते हैं, जो वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दीपक राजानी, हरी राजानी, अनिल राजानी, जयेश राजानी, मनीष राजानी, मान राजानी (नाबालिग, अपने प्राकृतिक संरक्षक/पिता दीपक राजानी के माध्यम से), पुरुषोत्तम राजानी, श्रीमती निशा पी. राजानी तथा परमानंद राजानी के नाम दर्ज है, तथा जिसमें खसरा क्रमांक 514/1/1/1 (S) एवं 516/1/2/1 रकबा 0.5850 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 515/3/1/3 (S) तथा उससे संबद्ध उप-खसरों 515/3/2, 515/3/3, 515/3/4, 515/3/5 एवं 515/3/6 का रकबा 0.1010 हेक्टेयर, तथा खसरा क्रमांक 516/1/2/1/1/1 (S), 515/3/1, 515/3/6 व 515/2/घ रकबा 0.6200 हेक्टेयर, कुल मिलाकर 1.3060 हेक्टेयर (लगभग 3.23 एकड़) भूमि सम्मिलित है, जैसा कि कृषि वर्ष 2025-2026 के राजस्व अभिलेखों में परिलक्षित है। 2. राजानी परिवार के सदस्यों द्वारा यह भी पुष्टि की जाती है कि ग्राम गौंडरमऊ में स्थित उनकी समस्त भूमि इस प्रस्तावित लेन-देन में उक्त क्रेता को विक्रय किए जाने का अभिप्रेत है, तथा यदि किसी कारणवश उक्त होल्डिंग का कोई खसरा या उप-खसरा इस प्रकाशन में उल्लेखित होने से रह गया हो, तो भी वह प्रस्तावित विक्रय का भाग माना जाएगा। 3. यदि किसी व्यक्ति, संस्था या प्राधिकरण को उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का अधिकार, दावा, हित, बंधक, भार, विवाद या आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपने दावे के समर्थन में आवश्यक दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करें, अन्यथा यह माना जाएगा कि किसी को भी उक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा या आपत्ति नहीं है तथा प्रस्तावित लेन-देन बिना किसी अन्य संदर्भ के संपन्न कर लिया जाएगा।

Dixit & Wadhwani Chamber
Office : Main Road DPS Jod
Neelbad Bhopal, Mob: 9826218167

3972

जाहिर सूचना

खसरा क्र. 43/2 एस, रकबा 1.0500 हैक्टयर, हल्का नं. 40, स्थित ग्राम झिरीयाखेड़ा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र.

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार लखन सिंह ठाकुर आत्मज बटनलाल, आयु वयस्क, निवासी मकान' न. 08, झिरीया खेड़ा आदमपुर, छावनी, हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. के द्वारा खसरा क्रं. 43/2 एस, रकबा 1.0500 हैक्टयर, हल्का नं. 40, स्थित ग्राम झिरीयाखेड़ा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. ने भूमि स्वामी कल्याण सिंह उर्फ कलन सिंह आत्मज बारेलाल, निवासी ग्राम छावनी पठार, हुजूर, जिला भोपाल भूमि स्वामी से उक्त खसरे की भूमि का सौदा किया है, का पंजीकृत विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में आज दिनांक तक नही करवाया गया है, मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी कल्याण सिंह उर्फ कलन सिंह, के विरूद्ध न्यायालय में एक सिविल दावा प्रस्तुत किया गया है जिसका प्रकरण क्रं. आर.सी.एस.ए 903/2024 है, मेरे पक्षकार को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित आम सूचना दिनांक /03/2026 के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि भूमि स्वामी कल्याण सिंह उर्फ कलन सिंह के द्वारा उक्त भूमि का विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है, उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का कोई क्रय विक्रय संबंधि संव्यवहार न करे, इस आम सूचना के पश्चात भी अगर कल्याण सिंह के साथ उक्त खसरे की भूमि के संबंध में कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह विधिक न होकर जालसाजी व धोखा होगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं क्रेता की होगी, सूचित हो।

सुनील मालवीय, अधिवक्ता
कार्यालय ऑफिस मकान नं. 164, कुशवाह चौराहा, सेवनिया, ओंकारा, जिला भोपाल म.प्र. मो. 9407525658

3970

कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त-मुगालिया छाप तहसील हुजूर जिला भोपाल
क्रमांक/क्यू/रा.नि./2026 दिनांक 16/03/2026

सूचना-पत्र

प्रति, 1. व्ही. एण्ड के एसोसिएट्स द्वारा भागीदार गण कृष्णकांत शुक्ला पिता एल.एन. शुक्ला एवं बिजेन्द्र सिंह ठाकुर पुत्र एम.एस. ठाकुर सर्वसाधारण एवं अन्य

विषयः- धारा 129 मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के अन्तर्गत भूमि का सीमांकन बाबत्। विषयान्तर्गत आवेदक श्री आनन्द सिंह नेगी आ. श्री राजेन्द्र सिंह नेगी निवासी दूध डेयरी पुलिस लाईन जहांगीराबाद भोपाल द्वारा ग्राम सिकन्दराबाद प.ह.नं. 69 तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा नं. 445/1/2/7 कुल रकबा 0.0440 हेक्टर भूमि का सीमांकन दिनांक 24/03/2026 को समय 1.30 PM बजे से किया जाना है। आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन की कार्यवाही रोकी नहीं जावेगी।

राजस्व निरीक्षक/पटवारी ग्राम
वृत्त-गुगालिया छाप तह. हुजूर, भोपाल

3969

कार्यालय राजस्व निरीक्षक नजूल वृत्त एम.पी. नगर जिला भोपाल
क्र./सीमांकन /2026/ भोपाल दिनांक 16/03/2026

सूचना-पत्र

प्रति, 1. श्रीमती गुलआमिर इफ्तेखार पत्नि आमिर इफ्तेखार ख.क्रं. 6/11, 2. श्रीमती सुरेन्द्र अहलूवालिया पत्नि हरविन्दर सिंह अहलूवालिया ख.क्रं. 6/12, 3. श्रीमती अनामिका अग्निहोत्री पत्नि के.सी. अग्निहोत्री ख.क्रं. 6/20, 4. श्री फर्म में. सूरत डेवलेपर्स भागीदार इफ्तेखार अहमद ख.क्रं. 6/23, 5. श्रीमती संध्या गर्ग पत्नि राजेंद्र कुमार गर्ग, एक्स 93 अरेरा कॉलोनी, ख.क्रं. 6/0/2, 6. श्री हरी प्रकाश पिता सुमत प्रकाश ख.क्रं. 6/19, 7. श्री गोपाल प्रकाश पुत्र सुमत प्रकाश ख.क्रं. 6/22, 8. श्री एम.एस. सोलंकी पिता वी.आर. सोलंकी ख.क्रं. 6/16, 9. यशकरन सिंह लोले पिता के.एस. 197 ए सेक्टर इंद्रपुरी ख.क्रं. 6/17/2, **न्यायालय** तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी. नगर जिला भोपाल के आदेशानुसार आवेदक श्री हरीप्रकाश व. सुमत प्रकाश नि. ओमेगा कॉम्प्लेक्स, भोपाल की ग्राम खजुरी खुर्द प.ह.नं. में स्थित भूमि खसरा नं. 6/19 रकबा 0.169 हे. के सीमांकन की कार्यवाही हेतु दिनांक 26/03/26 नियत की गई है। आप सर्व संबंधित/विक्रेता/पड़ौसी कृषक मौके पर भूमि से संबंधित दस्तावेज लेकर उपस्थित रहे। भू-खण्ड विक्रेता स्वयं स्थिती स्पष्ट करने हेतु मौके पर उपस्थित रहे। आवेदक सीमांकन हेतु आवश्यक झण्डीयां, बांस, मौके पर उपलब्ध करावें। कार्यवाही राजस्व निरीक्षक/ संबंधित हल्का पटवारी/ गठित टीम व्दारा किया जायेंगा। सूचना-पत्र तामिली के हस्ताक्षर कर सूचित होवें। सूचना तामिली बाद अनुपस्थिती की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। पटवारी हल्का नं. यह सूचना पत्र कोटवार के माध्यम से तामिल करवाकर वापिस करें। एवं नियत दिनांक 26/03/26 को अभिलेख एवं बन्दोबस्ती नक्शा शीट साथ लेकर कोटवार सहित उपस्थित रहकर सीमांकन आदेश का पालन सुनिश्चित करें। विशेष परिस्थितियों में सीमांकन तारीख में बदलाव किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
नजूल वृत्त एम.पी. नगर जिला भोपाल

3964

न्यायालय श्रीमान द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश महोदय कुटुम्ब न्यायालय भोपाल
श्रीमती वर्षा शर्मा

प्र.क. एम.जे.सी.आर.-112/24
पेशी दिनांक 16/04/26
आज्ञा. दिनांक 19/02/26

सुरभि सिंह ठाकुर....**आवेदिका विरूद्ध** अजीत सिंह ठाकुर पुत्र स्व. श्री बी.एस. ठाकुर आयु वयस्क नि. एस.1043, नेहरू नगर, विवेकानंद स्कूल के पास भोपाल...**अनावेदक यह कि आवेदिका** सुरभि सिंह ठाकुर ने आपके विरूद्ध धारा 125 दं.प्र.सं. के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय मे सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय मे स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर /किसी अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश